वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 15 अगस्त 2021

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

देश भर में 1 लाख से अधिक ध्वजारोहण कर ऐतिहासिक बना 'एक गाँव एक तिरंगा अभियान'

अंडमान निकोबार द्वीप से लेकर मणिपुर के मोइरंग तक और जम्मू-कश्मीर के बारामूला से लेकर मलकानगिरी ओडिशा के सुदूर नवरंगपुर तक, लाखों नागरिकों ने 75वें भारतीय स्वतंत्रता दिवस के उत्सव में भाग लिया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के "एक गांव, एक तिरंगा" अभियान के उत्सव में देश भर में 1 लाख से अधिक स्थानों पर तिरंगा ध्वज फहराया गया।

इस अभियान के निमित्त देश के अलग-अलग स्थानों को चिन्हित कर वहां के लोगों के साथ ध्वजारोहण किया गया तथा शोभा-यात्रा, सामूहिक राष्ट्र-गान गायन, भारत माता पूजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा प्रतियोगिताओं आदि कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनमानस में देशभक्ति की भावना के प्रकटीकरण का भी कार्य किया गया।

अभाविप का मानना है कि देश को स्वतंत्रता दिलाने में देश के प्रत्येक नागरिक का योगदान रहा है परंतु कुछ लोगों द्वारा यह कुछ चुनिंदा लोगों की उपलब्धि तक ही सीमित कर दिया गया है। ऐसे में अभाविप के कार्यकर्ताओं ने देश के प्रत्येक जिले में ध्वजारोहण कर स्वाधीनता के इस अमृत उत्सव को मनाने के साथ-साथ देश के गुमनाम नायकों की कहानियां लोगों को बताते हुए स्वाधीनता के गुमनाम नायकों को याद किया।

अभाविप के कार्यकर्ताओं ने इस महाअभियान में पूरे देश के विभिन्न स्थलों पर सम्मान के साथ राष्ट्रीय ध्वज को फहराया वहीं सूर्यास्त के पूर्व ध्वज के अवतरण को सुनिश्चित किया। अभाविप ने इस महाभियान के अंतर्गत लद्दाख से लेकर कन्याकुमारी तथा अटक से लेकर कटक तक ध्वजारोहण किया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रही।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि ,"अभाविप के कार्यकर्ताओं का देश भर में यह प्रयास अभिभूत करने वाला है। आज देश स्वाधीनता के 75वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है इस वर्ष के प्रारंभ को ही अभाविप के कार्यकर्ताओं ने जिस उत्साह के साथ मनाया है वह अपने-आप में प्रेरणादायी है, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सम्पूर्ण वर्ष ऐसे विशेष कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी ताकि देशवासियों को इस उत्सव को मनाने का भरपूर मौका प्राप्त हो।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री सुमित पाण्डेय द्वारा जारी की गई है।)